झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे०सी०ई०सी०ई०बी० / 36 / 22 – 116 ,राँची / दिनांकः 21 / 12 / 2022

नर्सिंग (B.Sc. Nursing Basic एवं B.Sc. Nursing Post-Basic) पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक वर्ष–2022 में नामांकन के लिए अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से सम्बंधित महत्वपूर्ण सूचना

भारतीय उपचर्या परिषद (Indian Nursing Council), नई दिल्ली के अधिसूचना संख्या– F.No. 1-6/ (LT)-2022-INC दिनांक 21.10.2022 द्वारा शैक्षणिक वर्ष–2022–23 के नर्सिंग पाठ्यक्रमों यथा बी0एससी0 नर्सिंग बेसिक (B.Sc. Nursing Basic) एवं बी0एससी0 नर्सिंग पोस्ट–बेसिक (B.Sc. Nursing Post-Basic) में नामांकन की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक–31.10.2022 को दिनांक 31.12.2022 तक के लिए विस्तारित की गयी है।

2. उपरोक्त के आलोक में नर्सिंग संस्थानों के नर्सिंग पाठ्यक्रमों यथा B.Sc. Nursing Basic एवं B.Sc. Nursing Post-Basic में नामांकन के ईच्छुक अभ्यर्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पूर्व में आयोजित साक्षात्कारों के आधार पर संबंधित नर्सिंग संस्थानों में नामांकन के उपरांत उक्त पाठ्यक्रमों में रिक्त बचे सीटों पर अनुशंसा के निमित्त पर्षद द्वारा दिनांक– 22.12.2022 से अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार निम्नानुसार आयोजित की जा रही है।

3. स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, राँची द्वारा पत्रांक–10 / नर्सिंग–10 / 06 / 2015 (खण्ड–1)–427 (10) दिनांक– 19.12.2022 के माध्यम से राज्य के कुछ नये निजी नर्सिंग संस्थानों में B.Sc. Nursing Basic एवं B.Sc. Nursing Post-Basic पाठ्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए अनुशंसा करने के लिए पर्षद को संसूचित किया गया है।

4. बी0एससी0 नर्सिंग (बेसिक / पोस्ट–बेसिक) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2022 की मेधा–सूची में सम्मिलित सभी धनात्मक (Positive) अंक धारक ईच्छुक अभ्यर्थी उपलब्ध संस्थान / संस्थानों एवं पाठ्यक्रम / पाठ्यक्रमों को अपने प्राथमिकता क्रम के अनुसार, पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "All Online Counselling JCECEB-2022" Link पर Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए निबंधन (Registration) कर, विकल्पों का चयन कर लें। अभ्यर्थियों को संस्थान / संस्थानों का अपने प्राथमिकता क्रम के अनुसार विकल्पों का चयन करना है। विकल्प चयन करने की संख्या पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करें।

5. नर्सिंग संस्थानों में नामांकित अभ्यर्थी यदि संस्थान एवं पाठ्यक्रम परिवर्तन हेतु नर्सिंग संस्थानों के रिक्त बचे सीटों पर संस्थान / पाठ्यक्रम परिवर्त्तन कराना चाहते हैं वे भी इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। **यदि इस साक्षात्कार में उन्हें सीट आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित संस्थान एवं पाठ्यक्रम में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।**

Time-schedule for Last Round of Online Counselling for B.Sc. Nursing Basic & Post-Basic Courses

S.No.	Activity	Date
a.	Display of Seat Matrix, Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment	**22.12.2022 to 24.12.2022**
b.	Issue of Provisional Seat Allotment Letter	**27.12.2022 to 31.12.2022**
c.	Certificates Documents Verification and Admission in the concerned Nursing Institute	**27.12.2022 to 31.12.2022**

6. **अभ्यर्थियों को अपने आवेदन में किये गये दावों के अनुरूप वांछित प्रमाण पत्रों को अपलोड करना अनिवार्य है।**

वांछित प्रमाण पत्रों यथा स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र का प्रारूप पर्षद के वेबसाईट के डाउनलोड कॉलम में उपलब्ध है।

7. **पोस्ट–बेसिक (B.Sc. Nursing Post-Basic) पाठ्यक्रम की सीटों का आवंटन निम्न प्राथमिकता क्रम के अनुसार की जायेगी :–**

a. "ए" ग्रेड नर्स के रूप में झारखण्ड सरकार के अधीन सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मी।

b. अनुबंध पर झारखण्ड सरकार के अधीन "ए" ग्रेड नर्स।

c. झारखण्ड राज्य के गैर–सरकारी संस्थान में "ए" ग्रेड नर्स।

अतः बी0एससी0 नर्सिंग पोस्ट–बेसिक (B.Sc. Nursing Post-Basic) के अभ्यर्थी को अपना सेवा प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

21/11/2...

(**रंजीता हेम्ब्रम,** झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक